भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1821
उत्तर देने की तारीख 10 दिसंबर, 2025

हावड़ा, पश्चिम बंगाल में डाक सेवाएँ

1821. श्रीमती साजदा अहमद :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल के हावड़ा ज़िले में डाक सेवाओं में सुधार और विस्तार के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो ज़िले के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए डाकघर खोलने या डाक सुविधाओं के विस्तार संबंधी प्रस्ताव, यदि कोई हों, सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों में हावड़ा ज़िले में वित्तीय सेवाएँ शुरू करने वाले डाकघरों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले दो वर्षों में हावड़ा ज़िले में किन डाकघरों को बंद कर दिया गया और उनके बंद होने के क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) जी, हां। डाक विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए हैं :

i. ग्राहकों के लाभ के लिए चयनित डाकघरों (हावड़ा प्रधान डाकघर और सल्किया प्रधान डाकघर) के कार्यालय समय को बढ़ाकर मानक कार्यालय समय से अधिक कर दिया गया है।

ii. छोटे व्यवसायों, कारीगरों और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) को वस्तुओं के निर्यात में सहायता प्रदान करने के लिए हावड़ा मुख्यालय में एक डाक घर निर्यात केंद्र (डीएनके) की स्थापना की गई है ताकि दस्तावेज़ीकरण और कस्टम क्लियरेंस के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा कर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

iii. डाक सामग्री की द्वार पर बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए, जिले में मोबाइल पार्सल वैन सुविधा शुरू की गई है।

iv. हावड़ा शहरी क्षेत्र में डिलीवरी प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने के लिए हावड़ा मुख्यालय में एक डिलीवरी केंद्र बनाया गया है।

v. डिजिटल भुगतान सक्षम करने के लिए, छोटे व्यवसायी/दुकानदारों को आईपीपीबी (इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) द्वारा 5000 से अधिक, 'स्मॉल मर्चेंट क्यूआर (त्वरित प्रतिक्रिया) कोड' जारी किए गए हैं।

vi. डाक संबंधी लेन-देन हेतु डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाने के लिए हावड़ा जिले के सभी उप डाकघरों और प्रधान कार्यालयों में पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) डिवाइस संस्थापित किए गए हैं।

vii. ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में चुनिंदा डाकघरों के माध्यम से आधार नामांकन एवं अद्यतन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मोबाइल-आधार लिंकिंग सेवाएं और 5 वर्ष से कम आयु के शिशुओं के लिए आधार नामांकन सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

(ग) आईपीपीबी सेवाओं के अतिरिक्त, पूरे जिले में 2 प्रधान डाकघरों, 82 उप-डाकघरों और 250 शाखा डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से डाक वित्तीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

(घ) दूरी और आय संबंधी मानदंडों को पूरा न करने के कारण शहरी क्षेत्रों में स्थित दस (10) नॉन-डिलीवरी एकल-उप डाकघरों का निकटवर्ती डाकघरों में विलय कर दिया गया। ये उप डाकघर हैं : पाचल बाजार उप डाकघर, जागृति उप डाकघर, देबेंद्र गांगुली रोड उप डाकघर, रॉस रोड उप डाकघर, काउईस घाट रोड उप डाकघर, ए रोड बामुंगाची उप डाकघर, हावड़ा वीसी मिल उप डाकघर, गोआबेरिया उप डाकघर, अंदुल रोड उप डाकघर और अभय गुहा रोड उप डाकघर।

*****